futuretopper.in

Series : RQ3SP

SET~1

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **67/3/1**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

लेखाशास्त्र
ACCOUNTANCY

*निर्धारित समय : **3** घण्टे*
*Time allowed : **3** hours*

*अधिकतम अंक : **80***
*Maximum Marks : **80***

नोट :

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **39** हैं ।

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं ।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

NOTE :

(I) Please check that this question paper contains **39** printed pages.

(II) Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(III) Please check that this question paper contains **34** questions.

(IV) **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**

(V) 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :

(i) *इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

(ii) *यह प्रश्न-पत्र **दो** भागों में विभाजित है — **भाग क** तथा **भाग ख**।*

(iii) ***भाग क** सभी परीक्षार्थियों के लिए **अनिवार्य** है।*

(iv) ***भाग ख** के दो विकल्प हैं। परीक्षार्थियों को केवल **एक** ही विकल्प के प्रश्नों के उत्तर लिखने हैं।*

विकल्प I : वित्तीय विवरणों का विश्लेषण

विकल्प II : अभिकलित्र लेखांकन

(v) *प्रश्न संख्या **1** से **16** (भाग क) तथा प्रश्न संख्या **27** से **30** (भाग ख) बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।*

(vi) *प्रश्न संख्या **17** से **20** (भाग क) तथा प्रश्न संख्या **31** और **32** (भाग ख) लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है।*

(vii) *प्रश्न संख्या **21** और **22** (भाग क) तथा प्रश्न संख्या **33** (भाग ख) दीर्घ-उत्तरीय प्रकार-I के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है।*

(viii) *प्रश्न संख्या **23** से **26** (भाग क) तथा प्रश्न संख्या **34** (भाग ख) दीर्घ-उत्तरीय प्रकार-II के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है।*

(ix) *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है। यद्यपि, प्रत्येक भाग के कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का चयन दिया गया है।*

भाग क
(साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)

1. धरम तथा करन एक फर्म के साझेदार थे तथा 7 : 3 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे। 1 अप्रैल, 2025 को, उन्होंने विनोद को एक नए साझेदार के रूप में फर्म में प्रवेश दिया। धरम ने विनोद के पक्ष में अपने भाग के $\frac{1}{3}$ भाग का तथा करन ने अपने भाग के $\frac{1}{4}$ भाग का त्याग विनोद के पक्ष में किया। नया लाभ विभाजन अनुपात होगा : *1*

(A) 7 : 3 : 1

(B) 56 : 27 : 10

(C) 27 : 56 : 10

(D) 56 : 27 : 37

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

General Instructions :

Read the following instructions carefully and follow them :

(i) *This question paper contains **34** questions. **All** questions are **compulsory**.*

(ii) *This question paper is divided into **two** parts — **Part A** and **Part B**.*

(iii) ***Part A** is **compulsory** for all candidates.*

(iv) ***Part B** has two options. Candidates have to attempt only **one** of the given options.*

Option I : Analysis of Financial Statements

Option II : Computerised Accounting

(v) *Questions number **1** to **16** (Part A) and Questions number **27** to **30** (Part B) are Multiple Choice Questions. Each question carries **1** mark.*

(vi) *Questions number **17** to **20** (Part A) and Questions number **31** and **32** (Part B) are Short Answer type questions. Each question carries **3** marks.*

(vii) *Questions number **21** and **22** (Part A) and Question number **33** (Part B) are Long Answer type-I questions. Each question carries **4** marks.*

(viii) *Questions number **23** to **26** (Part A) and Question number **34** (Part B) are Long Answer type-II questions. Each question carries **6** marks.*

(ix) *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in few questions in each of the parts.*

PART A

(Accounting for Partnership Firms and Companies)

1. Dharam and Karan were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 7 : 3. On 1st April, 2025, they admitted Vinod as a new partner in the firm. Dharam surrendered $\frac{1}{3}$rd of his share in favour of Vinod and Karan surrendered $\frac{1}{4}$th of his share in favour of Vinod. The new profit sharing ratio will be : *1*

(A) 7 : 3 : 1

(B) 56 : 27 : 10

(C) 27 : 56 : 10

(D) 56 : 27 : 37

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

2. *अभिकथन (A) :* साझेदारी फर्म में एक नए साझेदार के प्रवेश की स्थिति में, सभी साझेदारों के बीच नए लाभ विभाजन अनुपात को सुनिश्चित करने की आवश्यकता होती है।

कारण (R) : एक नए साझेदार के प्रवेश पर, पुराने साझेदारों के बीच लाभ विभाजन अनुपात, आने वाले साझेदार के लाभ विभाजन अनुपात में उसके सम्बन्धित योगदान को ध्यान में रखते हुए बदल जाएगा।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, परंतु कारण (R) सही है।

3. (क) अतुल, बजाज तथा मदन एक फर्म के साझेदार थे तथा 1 : 2 : 5 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे। साझेदारी संलेख में प्रावधान था कि साझेदार के आहरण पर 18% वार्षिक दर से ब्याज प्रभारित किया जाएगा। 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वर्ष के दौरान, बजाज ने प्रत्येक तिमाही के अन्त में ₹ 7,000 का आहरण किया। बजाज के आहरण पर ब्याज होगा : *1*

(A) ₹ 1,890 (B) ₹ 3,150

(C) ₹ 420 (D) ₹ 5,040

अथवा

(ख) दामोदर, राव तथा श्रीधरन एक फर्म के साझेदार थे तथा 3 : 1 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे। उनकी स्थायी पूँजी क्रमश: ₹ 4,00,000; ₹ 3,00,000 तथा ₹ 2,00,000 थीं। पूँजी पर 6% वार्षिक दर से ब्याज देय था। राव की पूँजी पर ब्याज देने की रोज़नामचा प्रविष्टि होगी : *1*

	विवरण		नाम राशि (₹)	जमा राशि (₹)
(A)	लाभ-हानि विनियोजन खाता राव का पूँजी खाता	नाम	18,000	 18,000
(B)	लाभ-हानि विनियोजन खाता राव का चालू खाता	नाम	18,000	 18,000
(C)	पूँजी खाते पर ब्याज राव का चालू खाता	नाम	18,000	 18,000
(D)	पूँजी खाते पर ब्याज राव का पूँजी खाता	नाम	18,000	 18,000

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

2. *Assertion (A) :* In case of admission of a new partner in the partnership firm, there is a need to ascertain the new profit sharing ratio among all the partners.

Reason (R) : On admission of a new partner, the profit sharing ratio among the old partners will change, keeping in view their respective contribution to the profit sharing ratio of the incoming partner.

Choose the correct option from the following : *1*

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is correct, but Reason (R) is incorrect.

(D) Assertion (A) is incorrect, but Reason (R) is correct.

3. (a) Atul, Bajaj and Madan were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 1 : 2 : 5. The partnership deed provides that interest on a partner's drawings shall be charged @ 18% per annum. During the year ended 31st March, 2025, Bajaj withdrew ₹ 7,000 at the end of each quarter. Interest on Bajaj's drawings will be : *1*

(A) ₹ 1,890 (B) ₹ 3,150

(C) ₹ 420 (D) ₹ 5,040

OR

(b) Damodar, Rao and Shridharan were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 1 : 1. Their fixed capitals were ₹ 4,00,000; ₹ 3,00,000 and ₹ 2,00,000 respectively. Interest on capital is allowed at the rate of 6% per annum. Journal entry for allowing interest on Rao's capital will be : *1*

	Particulars		Debit Amount (₹)	Credit Amount (₹)
(A)	Profit & Loss Appropriation A/c To Rao's Capital A/c	Dr.	18,000	 18,000
(B)	Profit & Loss Appropriation A/c To Rao's Current A/c	Dr.	18,000	 18,000
(C)	Interest on Capital A/c To Rao's Current A/c	Dr.	18,000	 18,000
(D)	Interest on Capital A/c To Rao's Capital A/c	Dr.	18,000	 18,000

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

4. (क) पैरामाउंट लिमिटेड ने 10% प्रीमियम पर निर्गमित किए गए ₹ 100 प्रत्येक के 2,000 समता अंश, जिन पर ₹ 80 याचित थे, ₹ 20 प्रति अंश की प्रथम याचना का भुगतान न करने पर हरण कर लिया। इन अंशों के हरण पर, समता अंश पूँजी खाता _____ होगा _____ से। *1*

(A) डेबिट, ₹ 1,60,000

(B) क्रेडिट, ₹ 1,60,000

(C) डेबिट, ₹ 2,00,000

(D) क्रेडिट, ₹ 2,00,000

अथवा

(ख) रुदाली लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 2,00,000 समता अंशों को ₹ 2 प्रति अंश के प्रीमियम पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए। आवेदन पर ₹ 5 प्रति अंश (प्रीमियम सहित) देय था। 2,60,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। 5,000 अंशों के एक आवेदक ने अपनी संपूर्ण अंश राशि का भुगतान आवेदन के साथ कर दिया। आवेदन पर प्राप्त राशि थी : *1*

(A) ₹ 10,00,000

(B) ₹ 12,00,000

(C) ₹ 12,35,000

(D) ₹ 13,35,000

5. चमन, रमन तथा सुमन एक फर्म के साझेदार थे तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे। 1 अप्रैल, 2025 से, उन्होंने भविष्य में लाभों को 2 : 3 : 5 के अनुपात में बाँटने का निर्णय लिया। इस उद्देश्य के लिए, यह सहमति हुई कि फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 1,00,000 किया जाएगा। ख्याति खाता खोले बिना ख्याति का लेखांकन होगा : *1*

(A) चमन के पूँजी खाते को ₹ 30,000 से डेबिट तथा सुमन के पूँजी खाते को ₹ 30,000 से क्रेडिट

(B) सुमन के पूँजी खाते को ₹ 30,000 से डेबिट तथा चमन के पूँजी खाते को ₹ 30,000 से क्रेडिट

(C) चमन तथा सुमन प्रत्येक के पूँजी खाते को ₹ 15,000 से डेबिट तथा रमन के पूँजी खाते को ₹ 30,000 से क्रेडिट

(D) रमन के पूँजी खाते को ₹ 30,000 से डेबिट तथा चमन एवं सुमन प्रत्येक के पूँजी खाते को ₹ 15,000 से क्रेडिट

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

4. (a) Paramount Ltd. forfeited 2,000 equity shares of ₹ 100 each, ₹ 80 called up, issued at a premium of 10%, for non-payment of first call of ₹ 20 per share. On forfeiture of these shares, Equity Share Capital Account will be _____ by _____. *1*

(A) debited, ₹ 1,60,000

(B) credited, ₹ 1,60,000

(C) debited, ₹ 2,00,000

(D) credited, ₹ 2,00,000

OR

(b) Rudali Ltd. invited applications for issuing 2,00,000 equity shares of ₹ 10 each at a premium of ₹ 2 per share. ₹ 5 per share (including premium) was payable on application. Applications for 2,60,000 shares were received. An applicant for 5,000 shares paid his entire share money along with application. The amount received on application was : *1*

(A) ₹ 10,00,000

(B) ₹ 12,00,000

(C) ₹ 12,35,000

(D) ₹ 13,35,000

5. Chaman, Raman and Suman were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 3 : 2. With effect from 1st April, 2025, they decided to share the future profits in the ratio of 2 : 3 : 5. For this purpose, it was agreed that the goodwill of the firm be valued at ₹ 1,00,000. The treatment of goodwill without opening goodwill account will be : *1*

(A) Debit Chaman's Capital A/c by ₹ 30,000 and Credit Suman's Capital A/c by ₹ 30,000

(B) Debit Suman's Capital A/c by ₹ 30,000 and Credit Chaman's Capital A/c by ₹ 30,000

(C) Debit Chaman's Capital A/c and Suman's Capital A/c by ₹ 15,000 each and credit Raman's Capital A/c by ₹ 30,000

(D) Debit Raman's Capital A/c by ₹ 30,000 and Credit Chaman's Capital A/c and Suman's Capital A/c by ₹ 15,000 each

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

6. (क) 1 अप्रैल, 2024 को, मोबी लिमिटेड ने ₹ 1,000 प्रत्येक के 3,000, 9% ऋणपत्रों को 5% प्रीमियम पर निर्गमित किया। 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वर्ष के लिए ऋणपत्रों पर देय कुल ब्याज की राशि होगी : *1*

(A) ₹ 2,70,000

(B) ₹ 1,50,000

(C) ₹ 27,000

(D) ₹ 15,000

अथवा

(ख) कम्पनी अपनी अयाचित पूँजी का एक भाग सुरक्षित रख सकती है जो केवल कम्पनी के समापन की दशा में ही माँगा जा सकता है। यह अयाचित भाग कहलाता है : *1*

(A) अयाचित पूँजी

(B) प्रदत्त पूँजी

(C) याचित पूँजी

(D) आरक्षित पूँजी

7. (क) अनूप, भारती तथा मनोज एक फर्म के साझेदार थे तथा 11 : 8 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे। 1 अप्रैल, 2025 से, उन्होंने भविष्य में लाभों को 2 : 2 : 1 के अनुपात में बाँटने का निर्णय किया। लाभ विभाजन अनुपात में परिवर्तन के कारण प्रत्येक साझेदार का अभिलाभ अथवा त्याग होगा : *1*

(A) अनूप का अभिलाभ $\frac{3}{20}$, मनोज का त्याग $\frac{3}{20}$

(B) अनूप का त्याग $\frac{3}{20}$, मनोज का अभिलाभ $\frac{3}{20}$

(C) अनूप का अभिलाभ $\frac{3}{20}$, मनोज का अभिलाभ $\frac{3}{20}$

(D) अनूप का त्याग $\frac{3}{20}$, मनोज का त्याग $\frac{3}{20}$

अथवा

(ख) अरुण, वरुण तथा तरुण एक फर्म के साझेदार थे तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे। 31 मार्च, 2025 को, अरुण की मृत्यु हो गई। वरुण तथा तरुण ने भविष्य में लाभों को बराबर-बराबर बाँटने का निर्णय किया। वरुण तथा तरुण का अभिलाभ अनुपात होगा : *1*

(A) 1 : 1 (B) 3 : 2

(C) 2 : 3 (D) 5 : 2

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

6. (a) On 1st April, 2024, Mobi Ltd. issued 3,000, 9% Debentures of ₹ 1,000 each at a premium of 5%. The total amount of interest due on debentures for the year ended 31st March, 2025 will be : *1*

(A) ₹ 2,70,000

(B) ₹ 1,50,000

(C) ₹ 27,000

(D) ₹ 15,000

OR

(b) A company may reserve a portion of its uncalled capital to be called only in the event of winding up of the company. Such uncalled amount is called : *1*

(A) Uncalled capital

(B) Paid-up capital

(C) Called-up capital

(D) Reserve capital

7. (a) Anup, Bharti and Manoj were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 11 : 8 : 1. From 1st April, 2025, they decided to share the future profits in the ratio of 2 : 2 : 1. The gain or sacrifice of each partner due to change in profit sharing ratio will be : *1*

(A) Anup's gain $\frac{3}{20}$, Manoj's sacrifice $\frac{3}{20}$

(B) Anup's sacrifice $\frac{3}{20}$, Manoj's gain $\frac{3}{20}$

(C) Anup's gain $\frac{3}{20}$, Manoj's gain $\frac{3}{20}$

(D) Anup's sacrifice $\frac{3}{20}$, Manoj's sacrifice $\frac{3}{20}$

OR

(b) Arun, Varun and Tarun were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 3 : 2. On 31st March, 2025, Arun died. Varun and Tarun decided to share future profits equally. The gaining ratio of Varun and Tarun will be : *1*

(A) 1 : 1 (B) 3 : 2

(C) 2 : 3 (D) 5 : 2

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

8. दिव्या तथा भोली एक फर्म की साझेदार थीं तथा 3 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटती थीं। 1 अप्रैल, 2024 को, उनकी स्थायी पूँजी क्रमश: ₹ 8,00,000 तथा ₹ 6,00,000 थीं। 30 सितम्बर, 2024 को, भोली ने ₹ 50,000 की अतिरिक्त पूँजी लगाई। साझेदारी संलेख में पूँजी पर 12% वार्षिक दर से ब्याज देने का प्रावधान था। 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वर्ष के लिए भोली की पूँजी पर ब्याज की राशि थी : *1*

(A) ₹ 78,000

(B) ₹ 75,000

(C) ₹ 72,000

(D) ₹ 3,000

9. (क) वे व्यक्ति जिन्होंने एक दूसरे के साथ साझेदारी में प्रवेश किया है, समग्र रूप से कहलाते हैं : *1*

(A) फर्म

(B) साझेदारी

(C) साझेदार

(D) साझेदारों की फर्म

अथवा

(ख) साझेदारी संलेख की अनुपस्थिति में साझेदार अधिकारी हैं : *1*

(A) पूँजी पर ब्याज के

(B) उनके पूँजी अनुपात में लाभों/हानियों में भाग के

(C) उनके द्वारा फर्म को दिए गए ऋण/अग्रिम पर 6% की दर से ब्याज के

(D) फर्म के कार्य के लिए वेतन के

10. जब साझेदारों की पूँजी परिवर्तनशील होती हैं, तब आहरण, आहरण पर ब्याज, पूँजी पर ब्याज, साझेदारों के वेतन, आदि के समायोजन _____ दर्शाए जाते हैं। *1*

(A) साझेदारों के चालू खाते में

(B) साझेदारों के पूँजी खाते में

(C) आहरण खाते में

(D) लाभ-हानि विनियोजन खाते में

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

8. Divya and Bholi were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 1. On 1st April, 2024, their fixed capitals were ₹ 8,00,000 and ₹ 6,00,000 respectively. On 30th September, 2024, Bholi introduced ₹ 50,000 as additional capital. Partnership deed provided that interest on capital will be allowed @ 12% p.a. Interest on Bholi's capital for the year ended 31st March, 2025 was : *1*

(A) ₹ 78,000
(B) ₹ 75,000
(C) ₹ 72,000
(D) ₹ 3,000

9. (a) Persons who have entered into partnership with one another are collectively called : *1*

(A) Firm
(B) Partnership
(C) Partners
(D) Partners' firm

OR

(b) In the absence of partnership deed, partners are entitled to : *1*

(A) Interest on Capital
(B) Share of profits/losses in the ratio of their capitals
(C) Interest @ 6% p.a. on loans/advances by them to the firm
(D) Remuneration for the firm's work

10. When capitals of the partners are fluctuating, then the adjustments for drawings, interest on drawings, interest on capital, partners' salary, etc. are shown in the _____. *1*

(A) Current Account of partners
(B) Capital Account of partners
(C) Drawings Account
(D) Profit and Loss Appropriation Account

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

11. निगम लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 40,000, 11% ऋणपत्रों का निर्गमन एक निश्चित बट्टे की दर पर किया। ऋणपत्रों का शोधन 20% प्रीमियम पर किया जाना था। इन ऋणपत्रों के निर्गमन से पूर्व प्रतिभूति प्रीमियम का विद्यमान शेष ₹ 13,00,000 था।

'ऋणपत्रों के निर्गमन पर हानि' को अपलिखित करने के पश्चात्, प्रतिभूति प्रीमियम का शेष ₹ 3,00,000 था।

उपर्युक्त ऋणपत्रों का निर्गमन किया गया था : *1*

(A) 20% बट्टे पर

(B) 15% बट्टे पर

(C) 10% बट्टे पर

(D) 5% बट्टे पर

12. दीप लिमिटेड ने ₹ 500 प्रत्येक के 6,000, 9% ऋणपत्रों का निर्गमन ₹ 490 प्रति ऋणपत्र पर किया। 9% ऋणपत्र खाते को क्रेडिट किया जाएगा : *1*

(A) ₹ 2,70,000 से

(B) ₹ 6,00,000 से

(C) ₹ 29,40,000 से

(D) ₹ 30,00,000 से

13. मोगरा लिमिटेड ने ₹ 14,40,000 की परिसम्पत्तियों को डीके लिमिटेड से क्रय किया। क्रय प्रतिफल के पूर्ण निपटान में 4% छूट पर इसने ₹ 100 प्रत्येक के 9% ऋणपत्रों का निर्गमन किया। डीके लिमिटेड को निर्गमित किए गए ऋणपत्रों की संख्या थीं : *1*

(A) 14,400 (B) 15,000

(C) 3,60,000 (D) 1,500

14. 31 मार्च, 2025 को, हरी तथा ओम के बीच साझेदारी का विघटन हो गया। हरी को विघटन कार्य की देखरेख के लिए नियुक्त किया गया जिसके लिए उसे ₹ 9,700 कमीशन दिया जाना था। वह विघटन व्ययों को वहन करने के लिए सहमत हो गया। विघटन के वास्तविक व्यय ₹ 8,900 थे जिनका भुगतान हरी के मित्र भानु ने उसकी तरफ से किया। वसूली खाते में डेबिट की गई राशि होगी : *1*

(A) ₹ 9,700 (B) ₹ 8,900

(C) ₹ 10,000 (D) शून्य

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

11. Nigam Ltd. issued 40,000, 11% Debentures of ₹ 100 each at a certain rate of discount. The debentures were to be redeemed at 20% premium. Existing balance of Securities Premium before issue of these debentures was ₹ 13,00,000.

After writing off 'Loss on issue of debentures', the balance in Securities Premium was ₹ 3,00,000.

The above debentures were issued at a discount of : *1*

(A) 20%

(B) 15%

(C) 10%

(D) 5%

12. Deep Ltd. issued 6,000, 9% Debentures of ₹ 500 each at ₹ 490 per debenture. 9% Debentures Account will be credited by : *1*

(A) ₹ 2,70,000

(B) ₹ 6,00,000

(C) ₹ 29,40,000

(D) ₹ 30,00,000

13. Mogra Ltd. purchased assets of ₹ 14,40,000 from DK Ltd. It issued 9% Debentures of ₹ 100 each at a discount of 4% in full satisfaction of the purchase consideration. The number of debentures issued to DK Ltd. were : *1*

(A) 14,400 (B) 15,000

(C) 3,60,000 (D) 1,500

14. On 31st March, 2025, the partnership between Hari and Om was dissolved. Hari was appointed to look after dissolution work for which he was allowed a commission of ₹ 9,700. He agreed to bear the dissolution expenses. The actual expenses of dissolution amounted to ₹ 8,900 which were paid by Hari's friend, Bhanu on his behalf. The amount debited to Realisation Account will be : *1*

(A) ₹ 9,700 (B) ₹ 8,900

(C) ₹ 10,000 (D) Nil

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

15. अतुल और निशा एक फर्म के साझेदार थे तथा 4 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे। उनकी पूँजी क्रमश: ₹ 1,20,000 तथा ₹ 90,000 थीं। 1 अप्रैल, 2025 को, भविष्य के लाभों में $\frac{1}{4}$ भाग के लिए उन्होंने मोना को एक नए साझेदार के रूप में फर्म में प्रवेश दिया। मोना अपनी पूँजी के रूप में ₹ 1,00,000 लाई। फर्म की ख्याति का मूल्य था : *1*

(A) ₹ 22,500 (B) ₹ 4,00,000

(C) ₹ 90,000 (D) ₹ 1,00,000

16. यशोदा तथा देवी एक फर्म की साझेदार थीं तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटती थीं। 31 मार्च, 2025 को, उनका स्थिति विवरण ₹ 20,00,000 का भूमि एवं भवन तथा ₹ 6,00,000 का फर्नीचर दर्शा रहा था। इस तिथि को भविष्य के लाभों में $\frac{1}{4}$ भाग के लिए उन्होंने पूनम को एक नए साझेदार के रूप में फर्म में प्रवेश दिया। पूनम के प्रवेश पर, यह पाया गया कि भूमि एवं भवन का मूल्यांकन 2% कम है। पूनम के प्रवेश पर, पुनर्मूल्यांकन खाते को : *1*

(A) ₹ 5,00,000 से डेबिट किया जाएगा

(B) ₹ 25,00,000 से डेबिट किया जाएगा

(C) ₹ 25,00,000 से क्रेडिट किया जाएगा

(D) ₹ 5,00,000 से क्रेडिट किया जाएगा

17. तारा, मीरा तथा नीरा एक फर्म की साझेदार थीं तथा लाभ-हानि बराबर-बराबर बाँटती थीं। 1 अप्रैल, 2025 को उनकी पूँजी क्रमश: ₹ 4,00,000; ₹ 3,00,000 तथा ₹ 2,00,000 थीं। फर्म अपनी पुस्तकें प्रति वर्ष 31 मार्च को बंद करती है। 30 जून, 2025 को तारा की मृत्यु हो गई। साझेदारी संलेख में प्रावधान है कि एक साझेदार की मृत्यु पर उसके कानूनी प्रतिनिधियों को निम्नलिखित का अधिकार होगा :

(i) पूँजी पर 6% वार्षिक दर से ब्याज

(ii) उसकी मृत्यु की तिथि तक फर्म के लाभों में उसका भाग

30 जून, 2025 तक तारा ने अपने उपचार के लिए ₹ 8,000 का आहरण किया और 12% वार्षिक दर से आहरण पर ब्याज प्रभारित किया जाएगा। फर्म के लाभों में उसके भाग की गणना पिछले वर्ष के लाभ के आधार पर की जाएगी। पिछले वर्ष का लाभ ₹ 1,80,000 था।

तारा की मृत्यु पर उसके कानूनी प्रतिनिधियों को प्रस्तुत करने के लिए उसका पूँजी खाता तैयार कीजिए। *3*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

15. Atul and Nisha were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 4 : 1. Their capitals were ₹ 1,20,000 and ₹ 90,000 respectively. On 1st April, 2025, they admitted Mona as a new partner in the firm for $\frac{1}{4}$ th share in the future profits. Mona brought ₹ 1,00,000 as her capital. The value of goodwill of the firm was : *1*

(A) ₹ 22,500 (B) ₹ 4,00,000
(C) ₹ 90,000 (D) ₹ 1,00,000

16. Yashoda and Devi were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2. On 31st March, 2025, their balance sheet showed land and building at ₹ 20,00,000 and furniture at ₹ 6,00,000. On that date they admitted Poonam as a new partner for $\frac{1}{4}$ th share in the future profits of the firm. On Poonam's admission, it was found that land and building is undervalued by 20%. On Poonam's admission, Revaluation Account will be : *1*

(A) debited by ₹ 5,00,000
(B) debited by ₹ 25,00,000
(C) credited by ₹ 25,00,000
(D) credited by ₹ 5,00,000

17. Tara, Meera and Neera were partners in a firm sharing profits and losses equally. Their capitals on 1st April, 2025 were ₹ 4,00,000; ₹ 3,00,000 and ₹ 2,00,000 respectively. The firm closes its books on 31st March every year. Tara died on 30th June, 2025. The partnership deed provides that in the event of death of a partner, her legal representatives will be entitled to the following :

(i) Interest on capital @ 6% p.a.
(ii) Her share in the profits of the firm till the date of her death.

Tara had withdrawn ₹ 8,000 for her treatment till 30th June, 2025 and interest on drawings @ 12% p.a. is to be charged. Her share in the profits of the firm was to be calculated on the basis of last year's profit. Last year's profit amounted to ₹ 1,80,000.

Prepare Tara's Capital Account to be presented to her legal representatives on her death. *3*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

18. (क) लक्ष्मी, रानी तथा प्रिया एक फर्म की साझेदार थीं तथा 5 : 7 : 8 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटती थीं। उनकी स्थायी पूँजी क्रमश: ₹ 8,00,000; ₹ 7,00,000 तथा ₹ 5,00,000 थीं। साझेदारी संलेख में पूँजी पर 9% वार्षिक दर से ब्याज का प्रावधान था। 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वर्ष के लिए पूँजी पर 12% वार्षिक दर से ब्याज लगाया गया।

अपने कार्य को स्पष्टता से दर्शाते हुए, त्रुटि के समाधान हेतु एक समायोजन प्रविष्टि कीजिए। *3*

अथवा

(ख) सुकेश तथा सुरभी एक फर्म के साझेदार थे तथा 5 : 3 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे। 1 अप्रैल, 2024 को, उन्होंने फर्म के लाभों में $\frac{1}{5}$ भाग के लिए सुमन को, एक नए साझेदार के रूप में न्यूनतम ₹ 1,20,000 के लाभ की गारंटी के साथ, फर्म में प्रवेश दिया। इस गारंटी के कारण हुई किसी भी कमी को सुकेश वहन करेगा। 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वर्ष के लिए फर्म का शुद्ध लाभ ₹ 5,50,000 था।

31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वर्ष के लिए फर्म का लाभ-हानि विनियोजन खाता तैयार कीजिए। *3*

19. (क) ओएसिस लिमिटेड ने ₹ 15,30,000 के क्रय प्रतिफल के बदले नितारा लिमिटेड से ₹ 12,00,000 मूल्य का भवन, ₹ 1,90,000 मूल्य की मशीनरी तथा ₹ 3,00,000 मूल्य का फर्नीचर क्रय किया तथा इसकी ₹ 90,000 की देयताओं को लिया। ओएसिस लिमिटेड ने क्रय प्रतिफल का भुगतान ₹ 100 प्रत्येक के 11% ऋणपत्रों को 10% बट्टे पर निर्गमित करके किया।

उपर्युक्त लेनदेनों के लिए ओएसिस लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। *3*

अथवा

(ख) 1 अप्रैल, 2025 को, भारत हैवी इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड ने ₹ 15,00,000 के क्रय प्रतिफल के बदले मैक लिमिटेड के चालू व्यवसाय का क्रय किया जिसमें ₹ 20,00,000 पुस्तक मूल्य की विविध परिसम्पत्तियाँ तथा ₹ 8,00,000 की विविध देयताएँ सम्मिलित थीं। क्रय प्रतिफल का भुगतान ₹ 100 प्रत्येक के 8,000, 9% ऋणपत्रों का निर्गमन 25% प्रीमियम पर करके तथा शेष को मैक लिमिटेड के पक्ष में बैंक ड्राफ्ट द्वारा भुगतान करके किया।

भारत हैवी इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड की पुस्तकों में उपर्युक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। *3*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

18. (a) Laxmi, Rani and Priya were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 7 : 8. Their fixed capitals were ₹ 8,00,000; ₹ 7,00,000 and ₹ 5,00,000 respectively. The partnership deed provided interest on capital @ 9% per annum. For the year ending 31st March, 2025, interest on capital was provided @ 12% per annum.

Showing your workings clearly, pass a single adjustment entry to rectify the error. *3*

OR

(b) Sukesh and Surbhi were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 3. On 1st April, 2024, they admitted Suman, as a new partner for $\frac{1}{5}$ th share in the profits of the firm with a minimum guaranteed profit of ₹ 1,20,000. Any deficiency arising on that account will be borne by Sukesh. The net profit of the firm for the year ended 31st March, 2025 was ₹ 5,50,000.

Prepare Profit and Loss Appropriation Account of the firm for the year ended 31st March, 2025. *3*

19. (a) Oasis Ltd. purchased building worth ₹ 12,00,000, machinery worth ₹ 1,90,000 and furniture worth ₹ 3,00,000 from Nitara Ltd. and took over its liabilities of ₹ 90,000 for a purchase consideration of ₹ 15,30,000. Oasis Ltd. paid the purchase consideration by issuing 11% Debentures of ₹ 100 each at a discount of 10%.

Pass necessary journal entries in the books of Oasis Ltd. for the above transactions. *3*

OR

(b) On 1st April, 2025, Bharat Heavy Industries Ltd. purchased the running business of Mac Ltd. consisting of sundry assets of the book value of ₹ 20,00,000 and sundry liabilities of ₹ 8,00,000 for a purchase consideration of ₹ 15,00,000. The purchase consideration was paid by issuing 8,000, 9% Debentures of ₹ 100 each at a premium of 25% and the balance was paid by a bank draft in favour of Mac Ltd.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of Bharat Heavy Industries Ltd. *3*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

20. ध्रुव तथा सीमा एक फर्म के साझेदार थे तथा 2 : 3 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे। उनकी पूँजी क्रमश: ₹ 18,00,000 तथा ₹ 12,00,000 थीं। प्रत्याय की सामान्य दर 15% थी।

पिछले चार वर्षों के लाभ थे :

	(₹)
2021 – 22	7,75,000
2022 – 23	5,00,000
2023 – 24	(75,000)
2024 – 25	7,00,000

वर्ष 2024 – 25 के अंतिम स्टॉक का मूल्यांकन ₹ 1,00,000 से कम किया गया। फर्म की ख्याति का मूल्यांकन पिछले चार वर्षों के औसत अधिलाभों के तीन वर्षों के क्रय के आधार पर किया जाएगा।

फर्म की ख्याति के मूल्य की गणना कीजिए। *3*

21. निम्नलिखित लेनदेनों के लिए ऋणपत्रों के निर्गमन पर आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

(i) एबी लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 30,000, 10% ऋणपत्रों का निर्गमन 5% प्रीमियम पर किया, जिनका शोधन 10% प्रीमियम पर किया जाएगा।

(ii) सीडी लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 40,000, 8% ऋणपत्रों का निर्गमन सममूल्य पर किया, जिनका शोधन 10% प्रीमियम पर किया जाएगा। *4*

22. रमन, दमन तथा विक्रम एक फर्म के साझेदार थे तथा 5 : 4 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे। 31 मार्च, 2025 को उनकी पूँजी क्रमश: ₹ 6,00,000; ₹ 3,00,000 तथा ₹ 2,00,000 थीं। 1 अप्रैल, 2025 से, उन्होंने भविष्य में लाभों को बराबर-बराबर बाँटने का निर्णय लिया। लाभ विभाजन अनुपात में परिवर्तन के कारण, यह सहमति हुई कि :

(i) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 3,00,000 किया जाएगा।

(ii) परिसम्पत्तियों तथा देयताओं का पुनर्मूल्यांकन किया जाएगा। परिसम्पत्तियों तथा देयताओं के पुनर्मूल्यांकन के परिणामस्वरूप ₹ 12,000 की हानि हुई।

(iii) पुनर्गठित फर्म की कुल पूँजी ₹ 12,00,000 होगी तथा यह साझेदारों के नए लाभ विभाजन अनुपात में होगी। इस उद्देश्य के लिए, जैसी भी स्थिति होगी, साझेदार आवश्यकतानुसार नगद लाएँगे अथवा उन्हें नगद भुगतान कर दिया जाएगा।

फर्म के पुनर्गठन पर साझेदारों के पूँजी खाते तैयार कीजिए। *4*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

